
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



वर्ष : 11 • अंक 128 • फरवरी, 2016 • • मूल्य : 15/-



## मुख्यमंत्री श्री शिवराज चौहान द्वारा ग्वालियर में महात्मा ज्योति बा फूले की प्रतिमा का अनावरण



## माली समाज मण्डल ठाणे (मुम्बई) द्वारा सावित्री बाई फूले पुरस्कार वितरण समारोह की झलकियां











RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

●वर्ष :11 ●अंक 128 ● 29 फरवरी, 2016 ● मूल्य : 15/- प्रति

सम्पादक मण्डल

संरक्षक :




श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा

( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )

( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान

(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

प्रेस फोटोग्राफर

जगदीश देवड़ा

(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज

रामेश्वर गहलोत

(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर

इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर

(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

आवरण कथा

प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रथम बैठक में लिए गए अनेकों निर्णय

# समाज सेवा में युवाओं को साथ लेकर साथ चलना होगा – श्री भोलाराम माली


- राज्य स्तरीय प्रथम नि:शुल्क विधवा/विधुर, तलाकशुदा परिचय सम्मेलन में देशभर में उत्साह
- समाज सेवा में युवाओं को साथ लेकर साथ चलना होगा - श्री भोलाराम माली
- भादरा में रक्तदान शिविर में रिकार्ड 1119 यूनिट रक्तदान
- गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा फूले की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया नमन
- श्री अशोक गहलोत ने किया स्व. श्री बाहुदरमल सैनी की प्रतिमा का अनावरण
- भारत सेवा संस्थान के नि:शक्तनजन शिविर में नि:शुल्क दिए जायेगें उपकरण
- राष्ट्रीय जागृति संस्था, जालोर की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन
- 223 प्रतिभावन विद्यार्थियों का हुआ सम्मान सफलता के लिए समय प्रबंधन की नसीहत दी
- माली समाज के विभिन्न सामूहिक विवाह समारोह में सैकड़ों नवयुगलों ने थामा हाथ
- श्री किशोर टाक बनें नवगठित सैनी वर्ल्ड ईकॉनोमिक फोरम के प्रदेशाध्यक्ष
- अलवर में समाज की 100 से अधिक प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित
- बुंद बुंद पानी से जीरे व निम्बु के फसल का जिला कलेक्टर ने किया अवलोकन
- जिला कार्यसमिति परिचय एवं सामाजिक अधिवेशन का प्रथम सत्र के साथ हुआ शुभारम्भ
- कोटा में आयोजित परिचय सम्मेलन में 400 युवक/युवतियों ने लिया भाग
- माली समाज जिला युवा मोर्चा कार्यकारिणी घोषित
- समाज विकास के लिए हों एकजुट - श्री सैनी
- राजस्थान बुल्स ने एमपीएल सीजन-2 दोबारा अपने नाम किया
- पार्षद सुनिता ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज संगठन की महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोनीत
- जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया ने किया माली समाज की जिला कार्यकारिणी का गठन

# सम्पादक की कलम से ...



किसी भी राष्ट्र की जीवन शक्ति के परिचायक होते है, वंहा के पर्व और त्यौहार हमारी सनातन संस्कृति मे उत्सव त्यौहार व विभिन्न पर्वो की अविरल श्रृंखला इसकी अटूट जिजीविशा , अदम्य उत्साह तथा शास्वत जीवन दर्शन एवं चरित्र को परिलक्षित करती है । इनमे होली का त्यौहार हर्षोल्लास के पर्व के रूप मे सर्वोपरि है । इसका मूल प्रयोजन स्वस्थ एवं तनावमुक्त व्यक्तिगत जीवन एकता , समता एवं भाईचारे से सामाजिक व्यवस्था, आनंद एवं उमंग , उल्लास सेभरे जनजीवन का विकास करना है । सर्दी के अंत एवं ग्रीष्म के आगमन की पावन संधिवेला में यह पर्व मनाया जाता है । हमारे पूर्वजो ने होली को सामूहिक सफाई के त्यौहार के रूप मे माना था । जैसे दीपावली पर घरों की लिपाई, पुताई एवं सफाई की जाती है। उसी तरह होली के पर्व पर पूरे गांव , कस्बें की सफाई का सामूहिक कार्यक्रम रखा जाता था । बसंत ऋतु मे पतझड़ के कारण पेड़ पौधों के पत्ते झड़ कर चारों ओर कूडा फैला देते है इन सबकी सफाई पेड पौधो की छंगाई , इसी अवसर पर की जाती थी । साथ ही वर्ष भर आपसी भेद भाव , मन–मुटाव या लडाई झगडे की बात हुई हो उन सभी को भुलाकर प्रेम भाव से आपस मे एक दुजे को रंग लगा गले मिलकर पुरानी गलतियो को सुधारते हुए फिर से एक दूसरे के मित्र व सहयोगी बन जाते है। विभिन्न समरसता एकरूपता का परिचय हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व फसल पकने का आनंद भी इसी मे समाहित है होलिका के सामूहिक यज्ञ मे नये अन्न (होली) का यज्ञ करने के बाद ही उनका उपयोग का विधान बनाया गया था ।

रंगोत्सव होली का महान पर्व जीवन और उत्सव की शानदार संगत का दिलखुश माहौल रंग और सुन्दरता तथा भीगी भीगी रसपगी कलसिया ढुलकर मन मन को जोड़ती उसे रसीला बना नया स्फुरण देती है। चारो ओर रंग ही रंग है सुगंध ही सुगंध है । पौराणिक काल मे भक्त प्रहलाद के हिरण्ययकश्यप के अत्याचारो से धरा को मुक्त कराने का आव्हान कर भगवान नरसिंह के प्राकट्य तथा होलिका के दहन का यह संदेश देता है कि यदि उद्वेश्य और भावनाएं कलुषित हो तो ईश्वरीय वरदान भी निष्फल हों जाते है तथा भक्ति यदि सच्ची हो तो छोटे से बालक की पुकार भी भगवान अनसुनी नही करते । लोक साहित्य और राजस्थानी ,हिन्दी , हाडौती , ढुढाडी , मारवाडी , मेवाड़, ब्रजभाषा, देववाणी , संस्कृत , उर्दू , अरबी , फारसी मे हमारे देश कं उत्सवों, महोत्सवों का जीवन दर्शन मिलता है, जो भावना – कल्पना और विचारो की अभिव्यक्तियां है । होली लोक उत्सव है , लोक मंगल का त्यौहार है। भुआ होलिका भतीजे प्रहलाद को जलाकर मार देना चाहती थी , लेकिन स्वयं जलकर भस्म हो गई । प्रहलाद उसकी शांतिपूजा करते है उसके लिए तथा दुष्ट पिता के कल्याण की कामना करते है । यह है हिन्दू आदर्श परम्परा , जिसे हम आज भी भाई चारे की भावना से द्वेष रहित बुराइयों पर विशेष पर्व के रूप में मानते है। होली बुराईयो पर अच्छाई की विजय ,पाप पर पुण्य की विजय, द्वेषभाव ईर्श्या से रहित होकर आज तक हम सनातन काल से इस पर्व को मनाते चले आ रहे है । होली ही एक ऐसा त्यौहार है जो हदय मे पवित्रता रखकर खेला जाता है , और त्यौहार खेले नही जाते मनाए जाते है । यहां किसी भी प्रकार का सामाजिक भेद भाव नही होता, न वर्ण भेद है न मन भेद है , यह समरसता, समग्रता तथा सहभागिता का महापर्व है यह पर्व सतरंगी है जहा सब रंग मिलकर एक ज्योति में समाहित होजाते है यहां तन और मन दोनो ही रंग जमाते है । हमारे यहां पर्वो में गीत गाए जाते है ब्रज में रसियो की धमाल होती है । देश के अलग अलग भागो में लोक मंगल के गीतों की विशिष्ट परम्परा रही है जैसे सजनी साजन से कहती है 'फागण आयो फागणियो रंगादे रसिया , फागण आयो' इसी तरह होलियो मे उडेरे गुलाल छायो रंग फागण रो हाडोती आंचल कोटा ,बूंदी , झालावाड , में नाथ्यापण्डा लोक संस्कृति मिलती है जिसे होली के समय गाया जाता है । ढ़ोल , मंजीरा , चंग , अलगोजा की बानकी मे गायन और लोक नृत्यो के साथ रंगो का त्यौहार साकार होता है ।फालगुन मास के चिताकर्षक रंग चित्र, भित्ति, चित्रांकन ,पोथीपर चित्रण मिलते है।

आइये हम भी भाईचारे के पर्व को प्रति के रंग मे रंगकर फाल्गुन के आगमन का उत्साह पूर्वक स्वागत करे , बिना भेद भाव के साम्प्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बनें। गाली, गलोज, मदिरा सेवन तथा हिंसात्मक गतिविधियो को त्याग कर सौहार्दता के साथ इसे मनाए पानी बचाये, सुखे रंगो से फूलों से खेले, तिलक लगाए होली मनाए ।

**नफरतो का अबार सब जल जाऐं होली में, गिर –जाऐं मतभेद की हर दीवार होली में**
**बिछुड गए जो बरसों से प्राण से अधिक प्यारे , गले मिलने आ जाऐं वे इस बार होली में ।**

# उल्लास उमंग और रंग का त्यौहार होली



**मनीष गहलोत**
**प्रधान सम्पादक**

जोधपुर में रविवार, 27 मार्च, 2016 को होगा आयोजन

# राज्य स्तरीय प्रथम नि:शुल्क विधवा/विधुर, तलाकशुदा परिचय सम्मेलन को लेकर प्रदेश के साथ ही देशभर में उत्साह

जोधपुर। वर्तमान युग में संपूर्ण समाज में आ रहे वैचारिक बदलाव के कारण योग्य युवक/युवतियों के लिए सुयोग्य वर/वधु ढूंढ पाना अभिभावकों के लिए अब उतना सरल नहीं रहा है। बाल-विवाह, बे-मेल विवाह व अन्य कारणों से समाज के अनेक परिवारों में संबध विच्छेद की स्थिति बन जाती है। जिसके बाद युवक/युवती का पुर्न:विवाह कराने हेतु अभिभावकों को अनेकों कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है व सामाजिक जागरूकता नहीं होने के कारण इस प्रकार के संबधों हेतु अभी तक किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया है। इसी प्रकार समाज के अभिभावकों को यह कठिनाई हो रही है कि आकस्मिक मृत्यु होने के कारण समाज के अनेकों युवक/युवतियां विधुर व विधवा बन जीवन यापन कर रहे है, अभिभावाको के अनेकों प्रयासों के बावजूद इनको सुयोग्य वर/वधु मिलने में कठिनाईयां आ रही है। इसी संदर्भ में सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम , जोधपुर के मंत्री श्री महेन्द्र तंवर ने बताया की संस्थान माली सैनी संदेश के संयुक्त तत्वावधान में समाज के विधवा/विधुर एवं तलाकशुदा परित्यक्त एवं परित्यकता युवक/युवतियों के पुर्न:विवाह हेतु प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस सम्मेलन में समाज के विधवा/विधुर, तलकाशुदा के पुर्न विवाह हेतु नि:शुल्क आयोजन हम आप सभी के सहयोग से संयुक्त रूप से करने जा रहे है। इसके लिए आप सभी से अनुरोध है कि हम सभी की यह सामाजिक जिम्मेदारी और उत्तरदायित्व बनता है कि हम इस पुनीत कार्य हेतु आयोजित हो रहे सम्मेलन को सफल बनाने हेतु अपने अपने क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार कर जोधपुर में रविवार, 27 मार्च, 2016 को सुमेर स्कूल प्रांगण, महामंदिर में होने वाले प्रथम राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलन में विधवा/विधुर तलाकशुदा युवक/युवती के जीवन को पुन: परिणय सूत्र में बांध कर उनके सफल दाम्पत्य जीवन के भागीदार बनते हुए स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान प्रदान करें।

संस्थान द्वारा इस राज्य स्तरीय आयोजन हेतु राजस्थान प्रदेश के साथ ही देश के विभिन्न प्रदेशों में रह रहे समाज सेवियों के नेतृत्व में फोरम द्वारा जिला संयोजकों की नियुक्ति की गई है जो जिलास्तर पर इस सम्मेलन हेतु योग्य विधवा/विधुर व तलाकशुदा युवक/युवती के फार्म भरवाने का कार्य कर रहे है। जोधपुर संभाग अध्यक्ष श्री नरपपत सिंह सांखला ने बताया कि यह हमारा उत्तरदायित्व है कि हम समाज में नीरस जीवन जी रहे युवक/युवतियों का पुर्न:विवाह करवा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

## सम्मेलन के लिए विभिन्न जिलों के निम्न समाजसेवियों कर रहे है विशेष योगदान

**श्री रामचंद्र पुत्र श्री उदयराम माली**
चितोड़गढ़ मो. 9929588436

**श्री चौथमल सैनी**
किशनगंज जि.बारां मो. 9414487111

**श्री हंसराज सोलंकी**
पोकरण जि. जैसलमेर मो. 9413864901

**श्री जगदीश माली (अध्यापक)**
फलौदी मो. 9636165525

**श्री महेश गढ़वाल**
उदयपुर मो. 9828120735

**श्री राजकुमार माली (एडवोकेट)**
भीलवाड़ा मो. 98299 85151

**श्री रामप्रकाश गहलोत**
जैतारण मो. 9414382693

**श्री कैलाश सोलंकी**
बीकानेर मो. 9252003934

**श्री प्रकाश बी. माली**
सिरोही मो. 98290 29153

**श्री मांगीलाल गहलोत (अध्यक्ष)**
शिवगंज फोन. 02976 271010

**श्री महेश पुत्र श्री भगवानदास चौहान**
बालोतरा मो. 9414202231

**श्री मिश्रीलाल सोलंकी**
पाली मो. 9460232972

**श्री नितिन सांखला (उप सरपंच)**
जिला बदनावर धार (मध्य प्रदेश)
मो. 9425045689, 7693045689

**श्री सोहनलाल टाक**
सोजत मो. 9460820362

**श्री आचार्य रामगोपाल शास्त्री**
पो. फतेहपुर शेखावटी, सीकर
मो. 9887393713

**श्री जयंत परिहार**
चुरू मो 9461492145

**श्रीमती अल्का जी सैनी**
इंदौर मो. 9300304268

**श्री रतनलाल पंवार**
हैदराबाद मो. 7702165594

**श्री सांवालाराम माली**
भीनमाल मो. 9571287548

**श्री सत्यनारायण कच्छवाहा**
उज्जैन मो. 9425379649

**श्री मोतीसिंह सैनी**
अजमेर मो. 9460546995

**श्री नरेन्द्र गहलोत**
ब्यावर मो. 8875511611

**श्री मुकेश सुंदेशा**
जालौर मो. 9460980256

**श्री किशनलाल सांखला**
जैतारण मो. 8290750828

**श्री उगमसिंह गहलोत**
मण्डोर मो. 9461222220

**श्री रणजीत सिंह परिहार**
महामंदिर मो. 9413637538

**श्री जगदीश देवड़ा**
मगरा पूंजला मो. 9414914846

**श्री किशोर सिंह सोलंकी**
सूरसागर मो. 9829810914

**श्री लक्ष्मणराम टाक**
रातानाड़ा मो. 9351129147

**श्री दिलीप कच्छवाहा**
भदवासिया मो. 9950493460

**श्री नरपतसिंह परिहार**
चौखा मो. 9829230231

**श्री अंबालाल गहलोत**
सलावास मो. 9413846451

**श्री राजेन्द्र कच्छवाहा**
शहर मो. 9799547834

**श्री भैरूलाल परिहार**
हा.बोर्ड मो. 9460772065

प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रथम बैठक में लिए गए अनेकों निर्णय

# समाज सेवा में युवाओं को साथ लेकर साथ चलना होगा – श्री भोलाराम माली






पुष्कर 13, फरवरी। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की बैठक श्री भोलाराम सैनी पूर्व विधायक नवलगढ़ झुंझनू के मुख्य आतिथ्य व प्रदेश अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छावाहा की अध्यक्षता में अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन आयोजित की गई। जिसमें राजस्थान के सभी जिलों से आये हुये माली समाज के कार्यकारणी सदस्यों व प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की सभा का आयोजन महात्मा ज्योति बा फूले, माता सावित्री बाई व संत लिखमीदास जी महाराज की तस्वीर पर दीप प्रर्वजलन व पुष्पाहार अर्पित कर सभा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात् ताराचन्द गहलोत द्वारा महासभा के नियम व स्थापना से जुड़ी समरत जानकारी और उद्वेश्य का सभा में उपस्थित सभी को ब्यौरा दिया व जानकारी उपलब्ध कराई।

सभा में उपस्थित सर्वश्री मांगीलाल पंवार, छुट्टनमल सैनी, औम राजोरिया, अनुभव चन्देल, राजेन्द्र मावर जयपुर, बिरदीचन्द सिंगोदिया, जयराम सोलंकी, छगनलाल गहलोत पूर्व चैयरमैन सिरोही, पूर्व चैयरमैन प्रमोद सांखला ब्यावर, सेवाराम दग्दी परबतसर, श्रीमती गीता सोलंकी, श्रीमत मंजू सैनी मकराना, डॉ. सर्वेश्वर पालरिया, ओमप्रकाश सैनी पूर्व चैयरमैन डैगाना, ओमप्रकाश सैनी पूर्व चैयरमैन चिडावा, मनोज अजमेरा, पारसमल दग्दी, रावाराम देवडा, जवानमल गहलोत, कानाराम जी सांखला, सुखदेव मारोठिया, अजय सैनी, सूरज दग्दी सहित सैंकडों माली समाज के समाज सेवी उपस्थित थे।

सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे व समाज को आगे बढाने और युवाओं को प्रतिनिधित्व देने पर जोर दिया साथ ही राज्य सरकार से निम्न मांगों का ज्ञापन देने की सर्वसम्मति से मांग की गई।

1. महात्मा फूले दंपति को भारत रत्न दिया जायेगा। 2. पाठ्य पुस्तकों में महात्मा फूले दम्पति पर पाठ्यक्रम। 3. भारतीय सेना में फूले रेजिमेंट। 4. महात्मा ज्योति बा फूले माता सावित्री बाई फूले की जयंति पर समाचार पत्रों में सरकारी विज्ञापन। 5. सामूहिक रचनात्मक कार्यो को बल। 6. सरकार बोर्ड, निगम व आयोग में माली समाज को प्रतिनिधित्व प्रदान करे। 7. महिलाओं में शिक्षा जागृति हेतु सरकारी शिक्षा केन्द्रों के नाम महात्मा फूले दंपति के नाम रखे जाएें।




सभा के अंत में पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय श्री रघुनाथ परिहार (पूर्व मंत्री, राजस्थान सरकार), पूर्व उपाध्यक्ष स्व. श्री अचलसिंह भाटी, स्व. श्री ताराचन्द चन्देल, स्व. श्री भंवरलाल जी माली का दो मिनट मौन रखकर ईश्वर से सभी की आत्मा के शांति के लिये प्रार्थन की गई।



**माली सैनी समाज के युवा रत्न RAS श्री अमृतलाल सांखला को सहकारी विभाग के निरीक्ष पद मिलने पर हार्दिक बधाई**

# भादरा में रक्तदान शिविर में रिकार्ड 1119 यूनिट रक्तदान






भादरा ,2 फरवरी 2016। स्थानीय ए.पी.जे. अब्दुल कलाम सेवा संस्थान भादरा की और से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व. श्रीमति नेमादेवी सैनी की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भाजपा नेता अशोक सैनी, धर्मसंघ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विदिशदत्त शास्त्री, सत साहेब श्यामानन्द जी महाराज, आनन्दगिरी महाराज ने श्रीमति नेमादेवी सैनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व पुष्प अर्पित कर किया। भादरा कस्बे के ऐतिहासिक रक्तदान शिविर में 1119 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

इस अवसर पर डॉ. विदिशदत्त ने कहा कि दुनिया में कहीं भी रक्त कृत्रित रूप से नहीं बनता है अत: प्रकृति की इस जीवनदायिनी देने का दान सर्वोतम दान है। भाजपा नेता अशोक सैनी ने इस विशाल शिविर की सफलता के लिये सभी सहयोगी संस्था लायन्स क्लब ए.बी.वी.पी. निजी चिकित्सा संघ और सभी साथियों, मित्रों का आभार प्रकट किया व कस्बे के लिये हर समय तैयार रहने का वादा किया।

इस अवसर पर रक्त संग्रह करने वाली एस.एम.एस. टीम व संतोकबा दुर्लभ जी की टीम को भी सम्मानित किया गया। शिविर में उपाध्यक्ष नगरपालिका दिनेश सैनी, पार्षद हरिप्रकाश शर्मा, बद्री सैनी, महिपाल जाखल, रिषि नेगी, विकास सर्राफ, जगदीश गर्ग, लिच्छु स्वामी, अनूपसिंह शेखावत, अजय शर्मा, जयवीर झौरडा विकास चौधरी, कमल सिन्धी, तेजपाल पूनियां, रमन मोठसरा, दौलतराम धान्धू, अमित मेहरिया, नरेन्द्र बेनीवाल, कान्हा मित्तल, राजू सोनी, विकास सुथार, नत्थू खां कुरेशी, लाल मोहम्मद जन, निशार खां, शमशेर खां, बरकत खां, रवि पूनिया, सुरेन्द्र महीपाल, कानसिंह नरूका, अशोक ज्याणी, मुकेश मोठसरा, अशोक बैनीवाल, नरेश मोठसरा, राममूर्ति महला, सुनील लदोईया, केहरसिंह महला, प्रहलाद बेरवाल, मोहनलाल नेगी, विकास चाचाण, गोपाल सिन्धी, राजपाल ऐचरा, विनय मित्तल, पूनम वर्मा, युवा मोर्चा के हर्ष भारद्वाज, डॉ. बी.एस. वर्मा सहित पंच, सरपंच संस्था पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। गोतम गोविन्दा टीम ने शानदार रामधुन व सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये।

# गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा फूले की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया नमन



भीलवाड़ा 28 फरवरी। राजस्थान के लोकप्रिय नेता व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भीलवाड़ा दौरे के दौरान दिन में 1 बजे देवरिया बालाजी के समीप महान पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूले की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। गहलोत के साथ राज्यसभा सांसद अ"क अली टांक, पूर्व केन्द्रीय मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व मंत्री एवं डेयरी चेयरमेन रामलाल जाट भी मौजूद थे। गहलोत के भीलवाड़ा प्रवे"ा होने के बाद डेयरी तथा कैला"ाजी व्यास के बैठने के बाद सीधे महात्मा ज्योतिबा फूले प्रांगण में पहुंचे थे।

फूले सेवा संस्थान के अध्यक्ष गोपाललाल माली के नेतृत्व में माली समाज एवं फूले सेवा संस्थान की ओर से गहलोत के पहली बार महात्मा ज्योतिबा फूले प्रांगण में आगमन पर माला व साफा बंधवाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर गहलोत ने फूले से प्रेरणा लेकर समाजसेवा करने का समाज से आव्हान किया। परिसर में ही पुर से आए माली समाज के लोगों ने भी गहलोत का अभिनन्दन किया।

इससे पूर्व ग्रामीण माली समाज की ओर से आरजिया चौराहा पर भी समाज की ओर से स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर फूले सेवा संस्थान के संस्था पदाधिकारी एवं समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चिड़ावा में राज्य और केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

# श्री अशोक गहलोत ने किया स्व. श्री बाहुदरमल सैनी की प्रतिमा का अनावरण



स्व. श्री बहादुरमल सैनी की पत्नी श्रीमती पुष्पादेवी को सम्मानित करते श्री अशोक गहलोत




चिड़ावा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा सरकार को नकारा एवं धोखेबाज करार दिया है। ब्राह्मणों की ढाणी में बहादुरमल सैनी की प्रतिमा अनावरण समारोह में गहलोत ने वसुंधरा एवं मोदी सरकार पर जमकर हमले तिकए तो अपने शासन में हुई उपलब्धियों का बखान भी किया।

गहलोत ने कहा कि जयपुर एवं दिल्ली सरकार का ग्राफ गिर रहा है। उन्होंने वसुंधरा की सुराज संकल्प यात्रा को कुराज करार देते हुए कहा कि चुनाव से पहले किए गए वादों को भूलकर वसुंधरा ने उनके शासन में शुरू हुई योजनाओं को बंद कर दिया हैं गहलोत ने कमहा कि जनता तो दूर विधायकों के काम नहीं हो रहे हैं। वसुंधरा के पास कोई विधायक काम लेकर जाता है तो वह गहलोत के मकान की तरह इशारा वालों का स्थन वहां है।

गहलोत ने कहा कि चुनाव से पहले उन्होंने कहा कि जनहित की योजनाओं के आधार हमने कहा था सरकार हमारी बनेगी, यदि हमारी सरकार नहीं बनी तो आने वाली सरकार भी काम नहीं करेंगी। लगता है वसुंधरा राजे ने मेरी यह बात सुनली इसलिए वह काम नहीं कर रही। प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि आसमान से तारे तोड़कर लाने का वादा करने वाले मोदीजी बताएं अच्छे दिन कब आएंगे। मनमोहनसिंह सरकार ने किसानों के 70 हजार करोड़ रूपए माफ किए थे। मोदी सरकार में किसान आत्महत्या कर रहे हैं।

**आंदोलनों में नहीं बहने दिया खून**

हरियाण के जाट आंदोलन में हुई जनधन की हानि पर पूर्व ऊर्जा मंत्री डॉ. जितेंद्रसिंह ने कहा कि गहलोत सरकार के कार्यकाल में आंदोलन तो हुए लेकिन किसी का खून नहीं बहने दिया। उन्होंने सरकार पर विफल रहने के आरोप ीी लगाए।

**गाय और राम के नाम पर राजनीति :**

किसी सम्मेलन में पूर्व चिकित्सा राज्यमंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा ने भाजपा पर गाय और राम के नाम पर राजनीतति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सता में आते ही वसुंधरा राज सरकार ने गौशाला अनुदान पर कैंची चलाई। उन्होंने इस मुद्दे का पुरजोर तरीके से उठाने की बात कही।

**भाजपा बैठो, जीमो और पधारो पार्टी :**

सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने भाजपा को अवसरवादी बताते हुए कहा कि यह पार्टी बैठो-जीमो और पधारो पर यकीन करती है। उन्होंने मोदी और वसुंधरी पर झूठे वादे कर सता में आने के आरोप लगाए।

**काम हमने किए और जनता ने हमें ही हटा दिया**

प्रतिपक्ष नेता रामेश्वरलाल डूडी ने गहलोत सरकार की निशुल्क दवा, पेंशन, पीसी टेबलेट जैसी योजनाएं गिनाते हुए कहा कि जनता के काम हमने किए और हमें ही सत्ता से हटा दिया। उन्होंने बीकानेरी लहजे में चुटकियां लेते हुए हास-परिहास के बीच अपनी सरकार जाने की पीड़ा भी जताई। डूडी ने वसुंधरा सरकार पर 15 लाख को नौकरी देने का वादा करके युवाओं की भावनाओं से खेलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने केवल लोगों को ठगने का काम किया है। उन्होंने अपने सामने सिने अभिनेता धर्मेंद्र द्वारा लड़े गए लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं को अपने मताधिकार का उपयोग सोच-समझकर विकास और जनहित के काम करने वालों को ही जिताना चाहिए।



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सानिध्य में विशाल नि:शक्तजन शिविर

# भारत सेवा संस्थान के नि:शक्तनजन शिविर में नि:शुल्क दिए जायेगें उपकरण

जोधपुर। भारत सेवा संस्थान एवं कैंप प्रभारी श्री नरपत सिंह कच्छवाहा ने बताया कि राजस्थान सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की प्रेरणा से भारत सेवा संस्थान, जोधपुर एवं भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में विशाल नि:शक्तजन शिविर दिनांक 14 मार्च, 2016 से 17 मार्च, 2016 तक रामबाग परिसर, महामंदिर, रेल्वे स्टेशन के सामने, जोधपुर में आयोजित किया जायेगा।

प्रभारी श्री नरपत सिंह कच्छवाहा ने बताया कि यह शिविर जोधपुर जिले के संबधित सभी पंचायत समितियों के विशेष योग्यजनों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में आने वाले विशेष योग्यजनों (नि:शक्तजन) श्रेणी के अनुसार सहायता हेतु व्हील चेयर, ट्राईसाईकिल, कैलिपर्स, बैसाखी, कान की मशीनें आदि नि:शुल्क प्रदान की जायेगी।

साथ ही जयपुर फुट की विशेषज्ञ टीम द्वारा कृत्रिम हाथ-पाँव बनाकर लगाए जायेंगे एवं बहरेपन की जाँच अत्याधुनिक कम्प्यूटराईज्ड मशीन द्वारा की जाएगी।

यह शिविर नि:शक्त जनों की सुविधा हेतु क्षेत्रवार आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में नि:शुल्क सुविधाएं प्राप्त करने हेतु नि:शक्तजन या उनके परिजन नि:शक्तजन प्रपत्र भरकर दिनांक 5 मार्च, 2016 तक क्षेत्र प्रभारी को जमा कराना आवश्यक होगा एवं भारत सेवा संस्थान प्रांगण में नि:शक्तजनों के लिए प्रात: 10 बजे से 4 बजे तक रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। जिससे नि:शक्तजन बंधु अपने साथ नि:शक्तजन प्रमाण, पहचान पत्र एवं दो पासपोर्ट साईज फोटो लेकर अवश्य आये। इस हेतु विभन्न क्षेत्रों में क्षेत्रीय प्रतिनिधियों द्वारा जगह जगह नि:शक्तजनों के घर-घर जाकर यह फार्म भरवायें जा रहे है।

**इस संदर्भ में अधिक जानकारी हेतु आप कैंप प्रभारी :**

**श्री नरपत सिंह कच्छवाहा**

**मो. 9314722944**

**फोन 0291 2550541 पर संपर्क कर सकते है।**

# राष्ट्रीय जागृति संस्था, जालोर की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

## 223 प्रतिभावन विद्यार्थियों का हुआ सम्मान सफलता के लिए समय प्रबंधन की नसीहत दी





जालोर। राष्ट्रीय जागृति संस्था की ओर से सोमवार को माली समाज छात्रावास में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनोद सिन्हा ने कहा कि प्रतिभा का निरंतर श्रेष्ट प्रदर्शन कर विद्यार्थी अपने भविष्य को समृद्ध व सुरक्षित कर सकता है। यदि विद्यार्थी रूचि पूर्वक शिक्षा का चयन कर अध्ययन करे तो लक्ष्य हासिल करना सरल हो जाता है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉटकट नहीं होता है। सीसीडीयू राजस्थान के स्टेट रिसोर्स पर्सन भभूताराम सोलंकी ने कहा कि विद्यार्थियों को सोच-समझकर सही विषय व स्कूल का चयन करना होगा। उन्हें रूचि के अनुसार ही विषय का चयन कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास करने चाहिए। व्याख्याता बी. एल. देवड़ा ने कहा कि श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने के लिए अपनी रूचि का विषय चुनने के साथ समय का सही प्रबंधन करना होगा। उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन और रूचि के विषय में अध्ययन सफलता के लिए किए जाने वाले परिश्रम को आधा कर देता है।

कार्यक्रम को व्याख्याता वगताराम चौधरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों की ओर से जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए 223 विद्यार्थियों का स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र व पुस्तिका देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शारदा स्वामी ने किया। अनिल गहलोत ने स्वागत भाषण व रवि सोलंकी ने अतिथियों का आभार जताया। इस दौरान प्रधानचार्य हितेंद्र परकार, संस्था समन्वयक हितेश देव, कमलकिशोर पंवार, विनोद सुंदेशा, शिवलाल, नरेंद्रसिंह चौहान, राजू सोलंकी व जगदीश प्रजापत सहित संस्था पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

समाज के कई जनप्रतिनिधियों ने की शिरकत, समाज के सौ से जयादा भामाशाहों और प्रतिभाओं का किया सम्मान, धूमधाम से निकाली बंदौली, नवयुगलों ने जीवनभर साथ चलन का लिया संकल्प, राज्य के कई जिलों से समाज के लोगों ने सम्मेलन में की शिरकत

# माली समाज के विभिन्न सामूहिक विवाह समारोह में सैकड़ों नवयुगलों ने थामा हाथ







मदनगंज-किशनगढ़। बसंत पंचमी के अवसर पर माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शुक्रवार को समा के 25 जोड़े एक-दूजे के हमसफर बने। इस अवसर पर समाज के नवविवाहितों ने एक दूजे का हाथ थाम कर जीवन भर साथ चलने का संकल्प लिया। क्षत्रिय फूल मालियान सामूहिक विवाह समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर व वधु को विधायक भागीरथ चौधरी, पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, भाजपा नेता भंवर सिंह पलाड़ा, सभापति सीताराम साहू, उपसभापति राजकुमार बाहेती, माली महासभा व अखिल भारतीय माली समाज संस्थान, पुष्कर के प्रदेशाध्यक्ष ऊँकरराम कच्छावाहा, महात्मा ज्योति बा फूले राष्ट्रीय जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोतीबाबा सांखला, वीरजीत सिंह महावर, दिलिप सिंह सैनी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने आशीर्वाद दिया। इस दौरान सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग करने वाले भामाशाहों और विभिन्न अतिथियों का माली समाज सामूहिक विवाह समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। पाणिग्रहण संस्कार की सभी रस्में विधि विधान से वैदिक मंत्रों के बीच पूरी हुई। सुबह छह बजे शुरू हुए विभिन्न कार्यक्रम शाम 6 बजे तक चलते रहे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन में भाग लेने के लिए माली समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस दौरान कानाराम उबाणा, घीसालाल भाटी, तुलसीराम अजमेरा, छीतरमल गहलोत, गणेशलाल इंदौरा, ज्ञानचंद सैनी, धीरज कुमार सैनी, सहित हजारों की संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता व समाज के लोग मौजूद रहे।



सामूहिक विवाह सम्मेलन का संचालन फतेहलाल सैनी व हनुमान प्रसाद सैनी ने किया। सम्मेलन में समाज के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद थे।

**अतिथियों ने दिया आशीर्वाद :** माली समाज के सभी 25 जोड़ों को विधायक भागीरथ चौधरी, पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, भाजपा नेता भंवरसिंह पलाड़ा, सभापति सीताराम साहू, उपसभापति राजकुमार बाहेती, माली समाज के प्रदेशाध्यक्ष उंकारराम कच्छावा, मोती बाबा सांखला, वीरजीतसिंह महावर, दिलीपसिंह सैनी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने आशीर्वाद दिया।

**भामाशाहों का किया सम्मान :** इस दौरान



अतिथियों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन सहित माली समाज के अन्य विकास कार्यों में तन-मन व धन से सहयोग किया सभी का सम्मान किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन मे सौ से अधिक समाज की प्रतिभों और भामाशाहों का सम्मान किया गया।

## डाक बंगले से निकाली बंदौली

सम्मेलन में पाणिग्रहरण संस्कार की सभी रस्में एक साथ अदा की गई। शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे अजमेर रोड बस स्टैंड स्थित डाक बंगले से सामूहिक बंदौली शाही शोभायात्रा के रूप में निकाली गई। शाही बंदौली में आगे आगे घोड़े चल रहे थे। पीछे माली समाज का हुजूम चल रहा था। सामूहिक बंदौली डाक बंगले से शुरू होकर लक्ष्मीनारायण मंदिर से मुख्य मुख्य मार्गो से होते हुए विवाह स्थल पहुंची। जगह-जगह माली समाज सहित अनेक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बंदौली, तोरण, पाणिग्रहण, आशीर्वाद समारोह व विदाई सहित सभी कार्यक्रम सामूहिक रूप से एक साथ किया गया।

## मालीपुरा धर्मशाल में हुए फेरे, विदाई की बेला में छलक पड़ी वधू की आंखें माली समाज : 20 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

देवास। देवास में श्री रामी माली गुजराती समाज के 20 जोड़े रविवार को परिणय सूत्र में बंधे। मालीपुरा स्थित धर्मशाला में लग्न लगे। बड़ी तादाद में देवास सहित आसपास के जिलों से समाजजन पहुंचे और नवयुगलों को आर्शीवाद दिया। विदाई की बेला में वधू की आंखे छलक गई और घरातियों के साथ अन्य उपस्थितों की आंखे भीग गई। समाज सदस्य और पार्षद यशवंत हरोड़े ने बताया विधिविधान के साथ दोपहर तक सभी रस्में संपन्न हुई। आयोजन के दौरान विशेष व्यवस्था की गई थी। समाजजन की ओर से सामग्री के साथ गृहस्थी का सामान, बिछुड़ी आदि भेंट की गई। समाजाध्यक्ष जगदीश चौहरा, ताराचंद हरोड़े, कैलाश पड़ियार, हेमराज पहलवान, मनोहर जाधव, बद्रीलाल पहलवान, रूगनाथ गहलोत आदि मौजूद थे।

**पावटा में 13 जोड़े बनें हमसफर :** पावटा/प्रागपुरा। कस्बे में महात्मा ज्योतिबा फुले व ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज द्वारा कसबे के एक मैरिज गार्डन में तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में 13 जोड़े हमसफर बने। विवाह सम्मेलन में सुबह 11.15 बजे कस्बे की सब्जी मण्डी परिसर से सामूहिक रूप से दुल्हों की बारात बैण्ड वादन के साथ रवाना हुई। जो पुराने रोड़ से गुजरती हुई विवाह स्थल रामविहार गार्डन पहुंची। जहां दुल्हों ने एकसाथ तोरण मारा। रामसिंह सैनी ने कहा कि समाज के हित में किये जाने वाले कार्यों में हर व्यक्ति कोआगे आना चाहिए। गुड्डु सैनी ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन महंगाई को रोकने के लिए व आपसी सामंजस्य बनाने के लिए आज के समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भगवानसहाय सैनी, रामचंद्र सराधना, बहरोड एसडीएम शैफाली कुशवाह, विकास अधिकारी रामन्द्र सैनी, विवाह समिति के अध्यक्ष रामसिंह सैनी दादुका, मातादीन सैनी, हाजारीलाल सैनी, सचिव रामनिवास सैनी ललाना, कोषाध्यक्ष रोहिताश सैनी, प्रहलाद सैनी भगतजी, संरक्षक हनुमान प्रसाद सैनी, संयोजक जगदीश खेमजी, महामंत्री रामकुंवार सैनी संगठन मंत्री श्रीप्रकाश सैनी, सलाहाकर पूर्व सरपंच गोकुल सैनी, पावटा ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर सैनी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने सामुहिक विवाह सम्मेलन में योगदान देने वाले भामाशाहों को व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद व वर वधु को सदा खुश रहने का आशीर्वाद दिया।





# श्री किशोर टाक बनें नवगठित सैनी वर्ल्ड ईकॉनोमिक फोरम के प्रदेशाध्यक्ष






जयपुर : **सैनी वर्ल्ड ईकॉनोमिक फोरम राजस्थान के नव गठित प्रदेश कार्यकारिणी निम्नानुसार है :-**

**प्रदेशाध्यक्ष :** श्री किशोर कुमार टाक, **वरि. उपाध्यक्ष :** श्री बनवारीलाल सैनी, श्री रामगोपाल सैनी श्री मनफुल सैनी, श्री हनुमान सैनी, श्री निहालसिंह सैनी **उपाध्यक्ष :** श्री श्रीचंद तुनवाल, श्री महेश चौहान, श्री बिरदीचंद सिंगोदिया, श्री कमलेश सिंगोदिया, **प्रदेश महामंत्री :** श्री भंवरलाल सैनी, **प्रदेश कोषाध्यक्ष :** श्री सीताराम सैनी, **प्रदेश संगठन महामंत्री :** श्री बाबुलाल सैनी, **प्रदेश संगठन मंत्री :** श्री शंकर सैनी, **प्रदेश मंत्री :** डॉ. विरेन्द्र भाटी, श्री भारतेन्दु सैनी, श्री भगवान माली, श्री सुरेश सैनी, श्री सुरेश सैनी एन.एच.आई. श्री नारायणलाल माली, श्री रेवाशंकर माली, श्री अशोक कुमार सैनी, श्री भागचंद सैनी, श्री पांचूराम सैनी, श्री अशोक कुमार सैनी, श्री भागचंद सैनी, श्री धर्मेन्द्र टाक, श्री महावीर सुमन, श्री शंकर भारती, **प्रदेश व्यवस्था प्रमुख :** श्री एम. एल. सैनी, **प्रदेश सहव्यवस्था प्रमुखः** श्री ओमप्रकाश तंवर, **प्रदेश मीडिया प्रभारी :** श्री मुकेश सुंदेशा, मनीष गहलोत, **प्रदेश सोशल प्रभारी :** श्री श्रीराम सैनी, श्री प्रभुलाल सैनी, प्रदेश कार्यालय प्रमुख, श्री शशिमोहन सैनी, प्रदेश महिला प्रकोष्ठ श्रीमती मंजू सैनी, **प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य :** श्री नारायण सोलंकी, श्री गंगाबक्स सैनी, श्री अशोक सैनी, श्री हंसराज सोलंकी, श्री दुर्गाधर सैनी, श्री देवाकर सैनी, श्री हरिप्रसाद सैनी, श्री महेन्द्र सैनी, श्री मदन सैनी, श्री अनिल सैनी, श्री बलदेव सैनी, **प्रदेश युवा अध्यक्ष :** श्री जितेन्द्र अजमेरा।

**सैनी वर्ल्ड ईकॉनोमिक फोरम राष्ट्रीय कोर ग्रुप**

श्री सुभाष सैनी **जयपुर**, श्रीभभूतराम सोलंकी **जालोर**, श्री बाबूलाल सैनी **सीकर**, श्री बनवारी लाल सैनी **झुंझुनूं**, श्री घनश्याम सांखला **कर्नाटक**, श्रीमती अल्का सैनी **मध्य प्रदेश**, श्री गंगाराम गहलोत **अहमदाबाद**, श्री मोहनभाई रामी **अहमदाबाद**, श्री इंद्राज सैनी **जयपुर**, श्री सुरेश सैनी **जयपुर**, श्री बाबूलाल चौहान **गुहावटी**, श्री परमेश्वरलाल सैनी **उत्तर प्रदेश**, श्री रामगोपाल सैनी **सीकर**, श्री रमा शाह **हैदराबाद**, श्री कैलाश सेनी **हरियाणा**, डॉ. कृष्ण सैनी **हरियाणा**, श्री रामलाल कच्छवाहा **हिमाचल प्रदेश**, श्री ओमप्रकाश सैनी **जम्मू कश्मीर**, श्री रामप्रसाद सैनी झारखण्ड, श्री निहाल सिंह सैनी **बीकानेर**।

**सैनी वर्ल्ड ईकॉनोमिक फोरम के विभिन्न प्रदेश कार्यकारिणी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान | श्री किशोर सिंह टाक | प्रदेशाध्यक्ष |
| 2. | आन्ध्र प्रदेश | श्री रमेश माली | प्रदेश संयोजक |
| 3. | गुजरात | श्री मोहनभाई रामी | प्रदेश संयोजक |
| 4. | हरियाणा | श्री कैलाश सैनी | प्रदेश संयोजक |
| 5. | जम्मू कश्मीर | श्री ओमप्रकाश सैनी | प्रदेश संयोजक |
| 7. | झारखण्ड | श्री रामप्रसाद सेनी | प्रदेश संयोजक |
| 8. | कर्नाटक | श्री रामलाल सोलंकी | प्रदेश संयोजक |
| 9. | मध्य प्रदेश | श्री मोहन पटेल | प्रदेश संयोजक |
| 10. | चैन्नई | श्री अजित गहलोत | प्रदेश संयोजक |
| 11. | उत्तर प्रदेश | श्री गणपत सिंह सैनी | प्रदेश संयोजक |
| 12. | आसाम | श्री बाबूलाल सैनी | प्रदेश संयोजक |

**सैनी वर्ल्ड ईकॉनोमिक फोरम के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माली सैनी संदेश की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

**– सम्पादक**

# अलवर में समाज की 100 से अधिक प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित





रैणी (अलवर)। तहसील स्तरीय चतुर्थ सैनी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमे सैनी समाज की प्रतिभा को सम्मानित कर उन्हे आगे बढ़ाने की प्रेरणा को लेकर सैनी समाज के तत्वावधन में कृष्णा मैरीज होम रैणी में प्रतिभाओ का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे हजारो समाज बंधुओं की उपस्थिति में 100 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया इसमे तकनीकी शिक्षा, 12वीं, 10वीं, व 8 वी छात्र-छात्राओं के अलावा खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाए शामिल है। जिसमें सबसे अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले चन्द किशोर सैनी राजगढ़ (सैकेण्डी में 91.83), तथा आयुस सैनी माचाडी (सैकेण्डरी में 91.62) अंक प्राप्त कर समाज को गोरव बढ़ाने पर सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुभाष सैनी बिलडर्स जयपुर, अध्यक्षता श्री मदनलाल सैनी पूर्व विधायक सीकर व अन्य अतिथियों में रैणी प्रधान श्रीमती सुनीता ओमप्रकाश सैनी, राजगढ़ नगर पालिका चेयरमेन श्रीमती ज्योति सैनी, खुराडीया अलवर, श्री पप्पू भाई सैनी, श्री जितेन्द्र सैनी कांग्रेस महासचिव अलवर, सरपंच श्री पप्पू सैनी, रैणी सरपंच श्री हरिसिंह मीना थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री सुभाष सैनी ने माँ सरस्वती के दीप प्रज्जवलन कर बालिकाओं द्वारा वन्दना के साथ किया गया डॉ. कैलाशचन्द सैनी सकट वाले, विश्राम सैनी सभापति, गंगा बिसन, हलवाई यूनियन के अध्यक्ष पप्पू सैनी ने अतिथियों को माल्यापर्ण कर साफा बधाकर कर सम्मान किया इसके साथ चेयरमैन ज्योति सैनी, प्रधान सुनिता सैनी को रैणी उप सरपंच काली देवी सैनी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानीत किया गया। और साथ ही समाज को विभिन्न क्षेत्रों से नई-नई प्रतिभाऐं मिलती हैं। इसके लिए समाज को इन प्रतिभाओं को दिशा निर्देष संसाधनों की पूर्ति में करना आवश्यक है और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहां कि शिक्षित समाज ही देश के विकास में सहयोगी हो सकता है।

अध्यक्ष श्री मदनलाल सैनी कहा की समाज में विकास के लिए हमें निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर कार्य करना होगा। उन्होंने सेवा सदन के माध्यम से जताया की जरूतमंद बन्धुओं को शिक्षा, में सहयोग के लिए हमेशा तत्पर हैं, कार्यक्रम का संचालन डॉ. कैलाश सैनी ने किया। अन्त में सैनी समाज के जिला अध्यक्ष ने कार्यो की सफलता के लिए कार्यकारणी के सदस्यों व स्थानीय संगठनों के सहयोग व व्यवस्था की प्रशंसा की। इस मौके पर रैणी ब्लॉक के सैनी समाज के अध्यक्ष शारिरिक शिक्षक रामधन सैनी, रामजीलाल सैनी, नरसी सैनी, उप अध्यक्ष प्रभूदयाल सैनी, गंगू सैनी, कार्यकर्ता हरि सैनी, भट्टा मालिका लालाराम सैनी

## माली समाज जिला युवा मोर्चा कार्यकारिणी घोषित



टोंक। जिला माली (सैनी) समाज के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया के निर्देशानुसार माली समाज नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता सैनी ने अपनी जिला कार्य समिति की घोषणा कर दी है। महिला मोर्चा मीडिया प्रभारी श्रीमती शानू टांक, संतोष जादम ने बताया कि माली (सैनी) समाज के जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया के निर्देशानुसार महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता सैनी ने अपनी जिला कार्यकारिणी में संरक्षक मण्डल में श्रीमती रेणू सैनी पूर्व सरपंच डिग्गी, श्रीमती सुनिता सिंगोदिया, श्रीमती गायत्री धुवारिया, श्रीमती हेमलता सैनी पार्षद निवाई शामिल किया है वहीं कार्यकारिणी वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती तारा सैनी पूर्व सरपंच चांदसेन, सोनू दग्धी टोड़ारायसिंह, श्रीमती प्रभाती देवी पूर्व पार्षद, श्रीमती सीता देवी डाबला, श्रीमती कैलाशी देवी, उपाध्यक्ष श्रीमती डिम्पल सैनी सी.आर चांदसेन, श्रीमती विजयलक्ष्मी धुवारिया, श्रीमती बदाम देवी गौला, श्रीमती मीरा देवी बागड़ी, श्रीमती प्रभाती खुवाल मालियों की झौपड़ियां, महामंत्री श्रीमती मनोहर सैनी टोंक, श्रीमती सुगना देवी खुवाड़िया, श्रीमती ममता देवी तुनकल्या, श्रीमती मंजू देवी सरपंच पचाला, श्रीमती अंजू सैनी मंगर टोड़ारायसिंह, मंत्री श्रीमती अनिता खुवाड़िया, श्रीमती बनी देवी पूर्व पार्षद, श्रीमती सीमा अजमेरा टोंक, शिक्षा मंत्री श्रीमती मंजू सैनी सांखला अध्यापिका, श्रीमती रानी क%छावा अध्यापिका, श्रीमती निर्मला सांखला अध्यापिका, श्रीमती माया सैनी बरथूनिया अध्यापिका, जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती हर्षिता सैनी मेहन्दीबाग, श्रीमती लक्ष्मी बड़ीवाल, सांस्कृतिक मंत्री सुशीला सौंलकी, श्रीमती चन्द्रकला सैनी लावा, श्रीमती रोशनी सैनी निवाई, मीडिया प्रभारी श्रीमती शानू टांक, संतोष जादम, सह मीडिया प्रभारी प्रचार मंत्री श्रीमती माया देवी धुवारिया, श्रीमती रितु अजमेरा, श्रीमती चंदा देवी अजमेरा को बनाया गया तथा कार्यकारिणी सदस्य में मजूं बड़ीवाल, बीना सैनी, रोशन नागरा, सोनू तुनकल्या, विमला सैनी, ममता सैनी, शिमला सैनी, ममता गढ़वाल को शामिल किया गया।

ऑल इंडिया युवा माली ( सैनी ) संगठन का वैवाहिक परिचय सम्मेलन

# समाज विकास के लिए हों एकजुट – श्री सैनी






ब्यावर। ऑल इंडिया युवा माली (सैनी) संगठन के तत्वावधान में समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए परिचय सम्मेलन और महा अधिवेशन का आयोजन रविवार को केसरीनंदन गार्डन में आयोजित किया गया।

संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र मारोठिया एंव ब्यावर शाखा अध्यक्ष विनोद गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, संगठन के प्रदेशाध्यक्ष श्री मोती बाबा फूले, गुड्डू सैनी, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्रीपाल सैनी थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद सभापति श्रीमती बबीता चौहान, जोधपुर के समाजसेवी श्री मेघाराम परिहार, माली सैनी संदेश संपादक मनीष गहलोत, बड़ा बास अध्यक्ष श्री मदनलाल सोलंकी, शाहपुरा मोहल्ला अध्यक्ष श्री भागचंद चौहान, श्री सत्यनारायण पालड़िया, श्री ताराचंद गहलोत व डॉ. सीएल भाटी थे। अतिथियों ने लिखमीदास महाराज की तस्वीर पर माल्याप्रण व उसके समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

